कोरोना महामारी की दूसरी लहर का सामना उत्तराखण्ड सरकार ने कुशलता, दृढ़ संकल्प और संयम के साथ किया है। राज्य सरकार के कुशल प्रबंधन और आप सभी के सहयोग का परिणाम है कि कोरोना के एक्टिव केस उत्तराखण्ड में बहुत तेजी से कम हुए हैं और लोगों के ठीक होने की दर 96 प्रतिशत हो चुकी है। सरकार टेस्ट, ट्रैक और ट्रीट के सिद्धांत के साथ कोरोना के नियंत्रण में जुटी हुई है। संक्रमण के मामले भले ही कम हुए है लेकिन हमें अभी भी सावधान रहना है। विशेषज्ञों को आंशका है कि कोविड-19 की तीसरी लहर में हमारे बच्चे अधिक प्रभावित हो सकते हैं। उत्तराखण्ड सरकार द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण हेतु आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य सरकार का प्रयास लगातार टीकाकरण बढ़ाने का है। मैं प्रदेश की जनता की ओर से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का निशुल्क टीकाकरण के लिए आभार व्यक्त करता हूँ। सरकार का प्रयास है कि राज्य में चिकित्सा और स्वास्थ्य संसाधनों में निरन्तर वृद्धि हो। आज प्रदेश में पर्याप्त संख्या में कोविड केयर सेंटर एवं अस्पतालों का निर्माण किया जा चुका है। मैं प्रदेश में आने वाले सभी पर्यटकों एवं प्रदेश की जनता से अपील करता हूँ कि सदैव मास्क पहने और भीड़ से बचें। कोविड वैक्सीन अवश्य लगवायें, यह पूरी तरह से सुरक्षित है। उत्तराखण्ड सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। हमारी सतर्कता ही कोरोना को हरा सकती है।

धन्यवाद!

पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

हम सुरक्षित, तो देश सुरक्षित

हम सबकी है ये जिम्मेदारी कोरोना से बची रहे जिन्दगी हमारी

- मास्क जरूर और ठीक से पहनें
- हाथों को नियमित धोएं अथवा सेनिटाइजर का प्रयोग करें
- आपसी सम्पर्क में 2 गज दूरी है जरूरी
- लक्षण होने पर कोविड टेस्ट अवश्य करायें
- अपनी बारी आने पर कोविड वैक्सीन अवश्य लगायें

दवाई भी कड़ाई भी

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | UttarakhandDIPR | DIPR_UK